कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने पूरे किये स्थापना के 71 वर्ष

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अपनी स्थापना के 71 वर्ष पूरे कर अखिल भारत में दिनांक 24.02.2023 (शुक्रवार) को एसिक दिवस के रूप में अपनी वर्षगाँठ मना रहा है | इस उपलक्ष्य में ईएसआईसी के बिबवेवाडी स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे में एसिक दिवस के अंतर्गत कई गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं |

इस अवसर को और विशेष बनाने के लिए एसिक दिवस पर सुबह 10:30 बजे से एक विशेष सुविधा समागम/ जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कार्यालय के अधिकारीगण, नियोक्ता व एएमओ के डॉक्टर्स शिरकत करेंगे | इस विशेष सुविधा समागम का प्रयोजन निगम से सम्बद्ध हितलाभार्थियों व नियोक्ताओं की शंकाओं, समस्याओं अथवा शिकायतों का तत्काल समाधान करना है | यद्यपि उक्षेका पुणे व इसके अधीनस्थ शाखा कार्यालयों में प्रत्येक माह सुविधा समागमों का आयोजन किया जाता है तथापि एसिक दिवस के अवसर पर आयोजित किये जा रहे इस विशेष सुविधा समागम में उप क्षेत्रीय कार्यालय पुणे के अधिकारियों के अतिरिक्त निगम के उच्चाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे | कार्यालय अध्यक्ष उप निदेशक (प्रभारी) श्री हेमंत कुमार पाण्डेय ने अपील की है कि इस विशेष सुविधा समागम में अधिक से अधिक बीमाकृत व्यक्ति शिरकत करें |

साथ ही, दि- 24.02.2023 से 10.03.2023 तक कार्यालय में विशेष सेवा पखवाड़ा भी मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत- स्वास्थ्य जांच व जागरूकता शिविर, लंबित पड़े हुए बिलों का शीघ्र निपटान, स्वच्छता अभियान इत्यादि जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी | जागरूकता शिविरों का मुख्य उद्देश्य बीमाकृत व्यक्तियों को निगम द्वारा प्रदत्त हितलाभों की जानकारी देना व उन्हें उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक करना है | साथ ही, स्वास्थ्य जांच शिविरों में ईएसआई योजना के डॉक्टरों द्वारा उनके स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच भी की जाएगी |

इस विशेष सेवा पखवाड़े का ध्येय है ईएसआई द्वारा प्रदत्त सुविधाओं और सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों में निवास करने वाले बीमाकृत व्यक्तियों तक पहुँचाना जिसके लिए निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी निरंतर प्रयासरत हैं |